# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–10.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होनेवाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बोकारो के चंदनकियारी में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने चंदनकियारी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार बनने के बाद राज्य की वर्तमान सरकार में शामिल भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाएगी।

श्री मोदी बोकारो के अलावा गुमला में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद रांची में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में एक रोड शो भी करेंगे। वे रांची के ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक रोड शो करेंगे।

***************

प्रधानमंत्री के रांची में रोड शो को लेकर राजधानी रांची के कुछ क्षेत्रों में आज दो बजे से रात आठ बजे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इधर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र में रात 11 बजे तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दोपहर साढ़े 12 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ता अथक परिश्रम के साथ पूरे समर्पण भाव से जुटे हुए हैं।

***************

प्रधानमंत्री के अलावा भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज ईचागढ़, खरसावां, तमाड़ में चुनावी सभाएं करेंगे, जबकि पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की गढ़वा, चतरा और लातेहार में सभाएं होंगी। इधर इंडी गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़ और तमाड़ में चुनावी जनसभा प्रस्तावित है। वहीं राजद के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने चतरा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ वेबकास्टिंग की मदद से नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 01 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

***************

लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक वोटरों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रांची में अनवरत प्रयास हो रहे हैं। रांची नगर निगम ने इस दिशा में पहल करते हुए मतदान करने वालों को मतदान दिवस के दिन 13 नवम्बर को कुछ विशेष छूट देने की घोषणा की है। मतदान के बाद वोटरों के लिए सिटी बस में आवागमन निःशुल्क रहेगी।

***************

गुमला जिले के बिशुनपुर, सिसई और गुमला विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होनेवाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

***************

राज्य में ठंड तेजी से बढ़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 24 घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। आगामी 15 नवंबर तक सुबह के समय कुहासे के हालात बने रह सकते हैं, जबकि मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान है। राज्य के अधिकांश न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। अधिकतम तापमान हालांकि

रांची और बोकारो को छोड़कर अधिकांश जिलों में 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा।

********समाप्त********